# LOK SABHA DEBATES

**(Part I -- Proceedings with Questions and Answers)**

**Friday, February 07, 2020 / Magha 18, 1941 (Saka)**

# LOK SABHA DEBATES

## PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

## Friday, February 07, 2020 / Magha 18, 1941 (Saka)

**CONTENTS** **PAGES**


| | |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 81-87 & 89)** | **1-30** |
| **WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 88 & 90-100)** | **31-50** |
| **WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 921-1150)** | **51-280** |

सत्यमेव जयते

# LOK SABHA DEBATES

**(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)**

**Friday, February 07, 2020/ Magha 18, 1941 (Saka)**

# LOK SABHA DEBATES

## PART II –PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

***Friday, February 07, 2020/ Magha 18, 1941 (Saka)***

**C ON T E N T S** **P A G E S**


| | |
|---|---|
| **…** | **281-282** |


**xxx**

(1100/RK/KN)

**(Q.81)**

SHRI CHANDRA SEKHAR SAHU (BEHRAMPUR): Hon. Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity to ask the supplementary. First of all, through you, I congratulate the hon. Minister for giving an elaborate answer. My specific question to the hon. Minister is, what type of mechanism has been evolved by her to coordinate among various Ministries involved in this programme.

SHRIMATI SMRITI ZUBIN IRANI: Sir, the hon. Member's compliment is something that I would like to graciously accept and thank him for being so kind. I would also like to congratulate the State of Odisha. In the last term of this very Government, Odisha had not come on board with regard to the *Poshan Abhiyan*. I, in a conversation with the hon. Chief Minister of Odisha, pleaded with him to ensure that in this *sankalp,* where we want to provide nutritious food and a healthy life to our Children, Odisha also comes on board, and the hon. Chief Minister was kind enough to heed to my plea. Today, Odisha is also a part of this particular *Abhiyan*.

Insofar as coordination with line Ministries is concerned, I would like to highlight that your honourable self in the last Session had directed my Ministry to come up with an eating chart for the pregnant and lactating women in the country. Never before in the history of our country have ministries come together to consult among themselves and with States to come up with dietary practices. We are on the verge of finalisation of the same. When it comes to *Poshan Abhiyan*, we meet almost every month. More so, we are in conversation every day with regard to the nutritional needs of women and children in the country.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी राज्य सरकारों से बात करके यह पोषण क्या मिलना चाहिए, इस पर भी आपको सब राज्य सरकारों से चर्चा करनी चाहिए। बहुत गम्भीर मामला है।

**श्रीमती स्मृति जूबिन ईरानी :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं निश्चित रूप से आपके इस निर्देश का स्वागत करती हूँ। हमने कल ही हेल्थ मिनिस्ट्री के साथ एक बैठक की, जो डाइट चार्ट बनाने का आदेश आपके माध्यम से हमें प्राप्त हुआ। उसके लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के साथ, राज्य सरकारों के साथ, आयुष के साथ भी हमारी मीटिंग हो चुकी है। इस सदन में बार-बार और प्रधान मंत्री जी के निर्देश में भी यह इंगित हुआ है कि स्ट्रेटस की जो डाइट डाइवर्सिटी है, उसको सेलिब्रेट करने का मौका दिया जाए। मिलेट्स को हम चाहेंगे और प्रमोट किया जाए। रिफाइंड शुगर की बजाय जैगरी प्रमोट किया जाए। पाम ऑयल कहीं भी बच्चों के न्यूट्रिशियस टेक होम राशन में इस्तेमाल न हो। इस प्रकार का समन्वय हम राज्यों से कर चुके हैं। आगे भी करते रहेंगे।

SHRI CHANDRA SEKHAR SAHU (BEHRAMPUR): Sir, as per the reply given by the Minister, if you go through the National Family Health Survey, 2005-06 and the National Family Health Survey, 2015-16, in terms of the percentage of children under five years who are stunted, low height-for-age, Odisha stands at 34.1 per cent in contrast to the all India average of 38.4 per cent, whereas, in terms of children under five years who are wasted, low weight-for-height, Odisha stands at 22 per cent in contrast to 21 per cent all India average. In some fields Odisha is doing well.

My specific question to the hon. Minister is, whether the Ministry or the Central Government plans to reward the well-performing State like Odisha, which is performing very well under the leadership of our hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik where some indicators show that the performance data of the State is above the national level.

(1105/PS/CS)

SHRIMATI SMRITI ZUBIN IRANI: It is a matter of pride for us that all the States under the leadership of the hon. Prime Minister, given the very essence of cooperative federalism have come forward. The only exception to it is the State of West Bengal. I would like to plead to the senior hon. Members of West Bengal to also ensure it. I have had a word with the hon. Chief Minister in West Bengal and pleaded with her to please come on-board with regard to 'Poshan Abhiyan'.

Insofar as awards are concerned, through you, I would like to tell the august House that we have instituted a Poshan Abhiyan Award which is applicable to all the State Governments and all the Anganwadis and given the performance of the States, recently, the award ensured the distribution of Rs. 22 crore. …(*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): What he wanted to say was that the award should provide some more assistance.

SHRIMATI SMRITI ZUBIN IRANI: That is exactly my point, Sir. The cash prize, which is given to the specific States or for that matter, the specific Anganwadis, is given to better institutional mechanisms of delivery of nutrition to women and children. Insofar as more budgetary allocations to the States are concerned, the budgetary allocations are not a challenge for well-performing States, especially States which have met their targets.

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Through you, I just want to suggest one thing regarding the Anganwadis and other social reform schemes and regarding women who are below the poverty line and those who have been engaged and who have been given priority. I am just giving you an example of Self-Help Groups. Why has a statute not been brought to help the Self-Help Groups? Women are doing extremely well there. Now, the Self-Help Groups will get the priority. Behind the Self-Help Groups, there are some other persons who are controlling and actual benefits are not going to the Self-Help Groups. Can you think of any mechanism with regard to the same and can we fix it by a legislation?

SHRIMATI SMRITI ZUBIN IRANI: I would like to add here that what the hon. Member has expressed, is a concern which is very valid and there have been instances where we have found so-called institutions misusing Government funds. I have categorically stated in my Department that Poshan is not a money-making or employment-giving opportunity for certain organisations. It is a money given, so that nutritious food and subsistent support is reached out to pregnant and lactating women and to children.

Insofar as bringing legislation is concerned, I think the endeavour of the hon. Member is to ensure that there is more transparency with regard to delivery of, let's say, 'take home ration'. I repeat that we are now in conversation with the Health Ministry and the NITI Aayog. Just yesterday, we have substantially reached a conclusion that now we will use POS machines and bar coding to ensure that we not only find deliveries to be confirmed by the recipients. We also have a CAS mechanism where there is a digital mapping done of eight and a half crores of beneficiaries as we speak today. So, that particular mechanism, which is digital in nature, is available in 15 local languages so that if any Anganwadi worker says that language is a challenge, we meet even that challenge. There is a call centre available to not only help people upload the data, but also ensure that if there is a data gap, we immediately alert the State. Yet again, I would reiterate, through you, my plea to the senior hon. Members from West Bengal to please come on-board with regard to Poshan.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप सभी लोग संक्षेप में प्रश्न पूछें और संक्षेप में ही उनका उत्तर आए, क्योंकि हमें प्रश्नकाल में पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या लगातार बढ़ानी है।

SHRI KANUMURU RAGHURAMA KRISHNARAJU (NARSAPURAM): Thank you, hon. Speaker, Sir. I have gone through the reply given by the hon. Minister about the schemes of the Government of India which are very good. But coming to our State, our hon. Chief Minister has started a programme by the name 'Jagananna Gorumudda'. In every district, we have identified children who are not up to the required height, where the age index is very low, and where malnutrition is there. In addition to the schemes like Anganwadis, PMMVY given by the Government of India, we are providing eggs and milk every day. We are also taking extra precautions by identifying such children.

So, I would like to know whether the hon. Minister is aware of any scheme of that nature.

(1110/RC/RV)

If the Minister is aware, are we in the process of identifying some districts or children who are suffering from malnutrition? Could this Scheme be taken forward for the whole country's benefit.

**श्रीमती स्मृति जूबिन ईरानी:** सर, आपका आदेश था कि संक्षेप में जवाब दिया जाए तो आदेश का पालन करते हुए मैं इतना ही कहना चाहूंगी कि we appreciate best practices and new interventions by all the States. They are free to make those interventions. Given our capacities as the Government of India, we ensure that we consult with the States as to the kind of allocation and the kind of programmes they would like to undertake in their States. Every State is free to then customize certain parameters as they deem fit.

(ends)

**(प्रश्न 82)**

**श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व):** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न वायु प्रदूषण से लेकर 'नेशनल क्लीन एयर मिशन' से संबंधित था।

महोदय, पहले मैं, सरकार का अभिनन्दन करूंगा कि इस बजट के अन्दर पिछले सालों की तुलना में दस गुनी राशि बढाई गई है, 4,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लेकिन, उसके साथ-साथ यह जानना चाहूंगा कि एफेक्टिव एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के लिए इंडस्ट्रियल या व्हीक्युलर सेक्टर के ऊपर क्या खास तौर से हम कुछ काम कर रहे हैं? एनफोर्समेंट मैकेनिज्म या स्ट्रॉन्ग मॉनिटरिंग कपैसिटी बढ़ाने के लिए सरकार ने क्या किया है, यह मैं जानना चाहूंगा।

**श्री बाबुल सुप्रियो:** सर, आपके आदेशानुसार मैं शॉर्ट में उत्तर देने की कोशिश करूंगा, लेकिन सरकार ने इतना काम किया है कि अगर मैं इसका जिक्र नहीं करूंगा तो यह उनके साथ भी नाइंसाफी होगी।

सर, नेशनल क्लीन एयर मिशन (NCAP) जो है, वह लॉन्ग टर्म और टाइम बाउण्ड मिशन है।

**माननीय अध्यक्ष:** आप शॉर्ट में जवाब दे दीजिए, बाकी आप लिखित में भेज देना।

**श्री बाबुल सुप्रियो:** सर, मैं पढ़ नहीं रहा हूं।

पी.एम.-10 और जो पी.एम.-2.5 है, उसमें पी.एम.-10 का जो लेवल है, वॉल्यूम के हिसाब से डिज़ायरेबल लेवल 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। हमने पूरे देश में 102 शहरों को चुना है। अगर हम वर्ष 2017 के बेस को पकड़ें तो वर्ष 2024 तक वहां हम 90 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के हिसाब से हम कम करना चाहते हैं। इस वक्त मुझे यह बोलने में कोई दिक्कत नहीं है कि पूरे देश में प्रदूषण एक बहुत बड़ा मुद्दा है और बहुत सारे मंत्रालय सिन्क्रोनाइज्ड वे में इस पर काम कर रहे हैं।

सर, माननीय सदस्य के प्रश्न का जो दूसरा हिस्सा है कि बाकी मंत्रालय इसमें क्या करेंगे तो अगर आप मुझे दो मिनट का समय दें तो मैं बता दूं कि पाँच मंत्रालय अलग-अलग काम कर रहे हैं।

मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एण्ड अर्बन अफेयर्स (एम.ओ.एच.यू.ए.) ने अर्बन डेवलपमेंट फण्ड्स से 309 करोड़ रुपये दिए हैं, जो दिल्ली सरकार के एम.सी.डीज़. को दिए गए हैं। एस.डी.एम.सी. को 89 करोड़ रुपये, ई.डी.एम.सी. को 110 करोड़ रुपये और नॉर्थ एम.सी.डी. को 110 करोड़ रुपये दिए गए हैं। दिल्ली सरकार को इसके लिए अलग से फण्ड्स दिए गए हैं। They should work very hard in utilizing these funds.

इसके अलावा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को 1,178.47 करोड़ रुपये दिए गए हैं, for the promotion दिए गए हैं, for the promotion of agricultural mechanism in in-situ management of crop residue. स्टबल बर्निंग का जो इश्यू है, उसके लिए दिए गए हैं।

इसके अलावा, भारी उद्योग विभाग में फेम-I (एफ.ए.एम.ई) स्कीम बहुत दिनों से चल रही थी, वहां फेम-II स्कीम में faster adoption and manufacturing of electric vehicles के लिए तीन सालों में दस हजार करोड़ रुपये का बजट सैंक्शन किया गया है।

इसके अलावा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बी.एस.-IV से बी.एस.-VI में स्विच-ओवर करने के लिए लगभग 60,000 करोड़ रुपये खर्च किया है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य सरकार के साथ मिल कर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, जो दिल्ली के लिए बना है, दिल्ली का जो खर्च है, वह एन.सी.ए.पी. से नहीं जाता है, वह एक अलग फण्ड 'ई.पी.सी.' से जाता है। यह जो बना है, उसमें 17,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। उससे 60,000 वाहन दिल्ली में नहीं घुसते हैं और वे बाहर से जाते हैं।

एम.ओ.एच.यू.ए. की एक और मुहिम है, जिसमें मेट्रो रेल में 377 किलोमीटर और 277 स्टेशंस में 70,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसलिए केन्द्र सरकार इसे बहुत सीरियसली ले रही है, स्टेट गवर्नमेंट अपने फण्ड्स को जल्द से जल्द खर्च करें, ताकि कचड़े का जो पहाड़ बना हुआ है, वह न बने।

(1115/MY/SNB)

**श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व):** महोदय, मेरा दूसरा सप्लीमेंट्री क्वेश्चन यह है कि मुम्बई और दिल्ली में जगह की काफी कमी है। हमारी सरकार का संकल्प है कि ई-व्हीकल बढ़ाया जाए। ई-व्हीकल के लिए चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जाना है। चूंकि मुम्बई तथा दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जगह की कमी है। सरकार इसके लिए क्या प्रावधान कर रही है? उसके बारे में कृपया मंत्री जी बताए।

**श्री बाबुल सुप्रियो:** सर, इलेक्ट्रिक्ल व्हीकल का जहां तक सवाल है, इसमें चार्जिंग प्वाइंट्स और इलेक्ट्रिक्ल व्हीकल्स की बात है। इसमें मोटा-मोटी चिकन एंड ऐग वाली बात है, क्योंकि जिसको आप पहले ऑर्डर देंगे, वह पहले होगा। जब आप इलेक्ट्रिक्ल व्हीकल खरीदेंगे तब चार्जिंग प्वाइंट बनाएंगे या चार्जिंग प्वाइंट बना लेंगे फिर आप इलेक्ट्रिक्ल व्हीकल खरीदेंगे।! जो इलेक्ट्रिक्ल व्हीकल्स बनाने वाले हैं, उनसे हमने रिक्वेस्ट की है। चूंकि आपका इलेक्ट्रिक्ल व्हीकल थोड़ा कॉस्टली होता है। उसमें कैपेक्स थोड़ा हाई होता है, लेकिन बाद में जो ऑपरेशनल एक्सपेन्सेज हैं, वे चीप की तरफ डिकलाइन होता है। वह जो पैसा खर्च करेंगे, जब गाड़ी खरीदेंगे, तब गवर्नमेंट की तरफ से बिल्कुल इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट लगाया जाएगा।

आपको जानकर खुशी होगी कि यूरोप में, जहां पर इलेक्ट्रिक व्हीकल बहुत चलते हैं। घर पर भी इलेक्ट्रिक व्हीकल की चार्जिंग हो सकती है। उसके लिए रास्ते में भी जरुरत होती है, लेकिन It is not absolutely necessary.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): The reply to the question is supercilious and is just a statement of intent. Insofar as India is concerned, one in every eight deaths is attributed to air pollution. Each and every year three per cent of our GDP is being lost due to air pollution. It is ridiculous to note that for cities with a population of less than 5 lakhs, an amount of Rs. 10 lakh per city has been allocated and for cities with a population of 5 lakhs to 10 lakhs …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप सिर्फ प्रश्न पूछिए।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, मेरा क्वेश्चन यही है। जवाब के ऊपर ही तो मैं बोलूंगा। वह जो जवाब दे रहे हैं, एक सिटी के लिए पांच लाख रुपये, किसी दूसरे के लिए 10 लाख रुपये दे रहे हैं। इस पैसे से क्या होगा? यह फंड मैनेजमेंट की कोई बात नहीं है, बल्कि सबसे बड़ी बात यह है कि It is estimated that we require at least 4000 continuous monitoring stations – 2800 in urban areas and 1200 in rural areas to specially and temporarily represent air quality in the country. Besides, ambient monitoring, an important aspect of knowing the sources of pollution is emission monitoring and making that information available in real time for further analysis. This task is missing in the programme. So, it is a wishy-washy statement and just a statement of intent and nothing more than that. So, it is a total failure of this Government

**श्री बाबुल सुप्रियो:** सर, यह बड़ा स्पेसिफिक ऐलिगेशन है। अधीर दादा 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत सुबह योगा में बहुत टाइम देते होंगे, ऑन्सर ठीक से पढ़ते नहीं है। आपको मैं इसके लिए *… (Not recorded)* चाहता हूं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी, आपको *… (Not recorded)* का अधिकार नहीं दिया गया है। यह गलत है।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री बाबुल सुप्रियो:** सर, इसको एक्सपंज कर दीजिए।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** यह आपका गलत तरीका है। संसदीय कार्य मंत्री जी, आप मंत्री जी को बताइए।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): He should apologize …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** इसको एक्सपंज कर दीजिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री बाबुल सुप्रियो:** सर, जो अधीर दादा है, उनको मैं बहुत सालों से जानता हूं। …(व्यवधान) इस वर्ड को मैं वापस ले लेता हूं। लेकिन आपको यह मालूम नहीं है…(व्यवधान) अधीर दादा को मैं बहुत सालों से जानता हूं।…(व्यवधान) मैं उनसे बात कर लूंगा। आप बैठिए।…(व्यवधान)

सर, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि 28 सिटीज़ ऐसी हैं, …(व्यवधान) दादा, आप बैठिए। मैंने डॉट वापस ले ली है, फिर भी आपको क्यों तकलीफ है।…(व्यवधान) सुरेश जी, अभी भी हँस रहे हैं।…(व्यवधान) जहां पर 10 बिलियन से ज्यादा पॉपुलेशन है, वहां पर 10 करोड़ रुपये दिए जाते हैं।…(व्यवधान) जब मेरा पूरा ऑन्सर ही अधीर दादा ने पढ़ दिया तो मैं ऑन्सर क्या दूंगा। स्टेट गवर्नमेंट की भी कुछ रिस्पान्सबिलिटिज़ होती हैं। वह भी स्टेट पॉलूशन के लिए काम करें। जहां पर पांच लाख से कम लोग है, वहां के लिए वे पैसे दिए गए। इंफ्रास्ट्रक्चर क्या बनाया जाएगा,

उसके बारे में क्लीयर नहीं बताया गया। इसके बाद मेरा ही ऑन्सर मुझे पढ़कर सुनाया जाए, इसे मैं ठीक नहीं समझता हूं। इस ऑन्सर को पढ़ने से कुछ नहीं होता, बल्कि थोड़ा समझना भी चाहिए। …(व्यवधान)

दादा, आप एक मिनट के लिए बैठिए।…(व्यवधान) आप बहुत ज्यादा ऐजिटैटेड रहते हैं। इससे पहले आप ऑन्सर सुनने का धीरज दिखाइए।…(व्यवधान) आप अधीर मत होइए।…(व्यवधान) दादा, जरा आप बैठिए। ध्यान देने से क्या होता है, सुनने का माद्दा भी होना चाहिए ना।…(व्यवधान) आप ऐसा करेंगे तो मैंने जो आपको जवाब दिया है, मैंने पांच पेज में जवाब दिया है।…(व्यवधान)

(इति)

(1120/CP/SNB)

**(प्रश्न 83)**

**श्री रेबती त्रीपुरा (त्रिपुरा पूर्व):** सर, 'आयुष्मान भारत' के ऊपर मेरा प्रश्न है। सबसे पहले मैं प्रधान मंत्री जी और स्वास्थ्य मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। 'आयुष्मान भारत' के तहत भारत में करीब 50 करोड़ लोगों को हेल्थ फैसिलिटी दी जाती है। मेरा मानना है कि अभी तक दिल्ली और वेस्ट बंगाल समेत बहुत से ऐसे राज्य हैं, जहां 'आयुष्मान भारत' को लागू नहीं किया गया। मेरा मंत्री जी से प्रश्न है कि जहां यह अभी तक लागू नहीं हुआ है, वहां भी गरीब लोग हैं, गरीब लोगों को सुविधा देने के लिए ऐसा कुछ मैकेनिज्म या व्यवस्था मंत्री जी की सोच में है, ताकि वहां के गरीब लोगों को भी ये फैसिलिटीज़ मिलें?

**डॉ. हर्ष वर्धन:** महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह कहना चाहता हूं कि इसमें कोई दो मत और दो राय नहीं कि अभी भी देश में चार राज्य ऐसे हैं, जो हमारी 'आयुष्मान भारत' स्कीम को लागू नहीं कर रहे हैं। इसमें दिल्ली, तेलंगाना, वेस्ट बंगाल और ओडिशा हैं। लगातार पिछले 6 महीने से स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद मैंने सबसे पहला काम यह किया कि यहां के मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखा और उनसे व्यक्तिगत टेलीफोन पर भी बात की। हम लगातार उनके साथ अपने आफिसर्स के माध्यम से पर्स्यू कर रहे हैं कि वे इस एंबीशियस स्कीम को जिससे देश के अंदर 55 करोड़ से ज्यादा गरीब लोगों को फायदा पहुंच रहा है, उनके जीवन में बीमारी के कारण जो इतनी जबरदस्त तकलीफ होती थी, लोगों के घर बिक जाते थे, लोगों के मकान बिक जाते थे, सारा जीवन बर्बाद हो जाता था, अब उनको एक राहत मिली है। अभी करीब एक साल के लगभग पीरियड बीता है और 82 लाख से ज्यादा लोगों को इस 'आयुष्मान भारत' योजना से फायदा हो चुका है। 'आयुष्मान भारत' को, क्योंकि हमारा फेडरल सिस्टम है, हम जबरदस्ती तो इन स्टेट्स में लागू नहीं कर सकते हैं, लेकिन जो दूसरे माध्यम हैं, जिसमें इन स्टेट्स के गरीब मरीजों के लिए राष्ट्रीय आरोग्य निधि और दूसरी सुविधायें, प्रधान मंत्री राहत कोष से, स्वास्थ्य मंत्रालय से गरीबों के लिए जो मदद की जा सकती है, जिस स्तर तक भी की जा सकती है, वह हम करते हैं। हम इस सदन के माध्यम से फिर से इन स्टेट्स से और उनके मुख्यमंत्रियों से रिक्वैस्ट करना चाहते हैं कि आप वहां के गरीब लोगों के हित में, इस विषय को राजनीति से ऊपर उठकर देखें और गरीब लोगों के हित में इस योजना को उन स्टेट्स में भी लागू करें।

इस योजना के संदर्भ में प्रधान मंत्री को यूनाइटेड नेशंस में बुलाया गया। सारी दुनिया इस योजना को एप्रीशिएट कर रही है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पर प्रधान मंत्री जी का यूनाइटेड नेशंस में बयान हुआ। यह दुनिया का सबसे बड़ा एंबीशियस प्रोग्राम है। आजादी के 70 वर्षों के बाद शायद इतना बड़ा कार्यक्रम और जो स्वास्थ्य के हितों की रक्षा करने के लिए हो, कभी देश के अंदर इसकी कल्पना भी नहीं की गई थी।

**श्री रेबती त्रीपुरा (त्रिपुरा पूर्व):** सर, मेरा सप्लीमेंट्री क्वैश्चन यह है कि 'आयुष्मान भारत', जिनके पास बीपीएल कार्ड या अंत्योदय कार्ड होता है, उनको इसका लाभ दिया जाता है, लेकिन जो एपीएल

कार्ड होल्डर्स हैं, उनमें भी बहुत से गरीब लोग हैं। उनके लिए भी मिनिस्ट्री अगर सोचे तो बहुत अच्छा होगा।

**डॉ. हर्ष वर्धन:** अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को सूचित करना चाहता हूं कि वर्ष 2011 में एक सोशियो-इकॉनामिक कास्ट बेस्ड सेंसस हुआ था। इसके अंतर्गत लगभग 10.74 करोड़ ऐसे गरीब लोग थे। एक प्रकार से अभी तो यह एक एंटाइटलमेंट स्कीम है। इसके तहत करीब 55 करोड़ से ज्यादा लोग इसमें एंटाइटल्ड हैं। इसमें ब्रॉडली, जो वास्तव में बहुत ज्यादा गरीब लोग हैं, वे सब इसके अंदर कवर्ड हैं।

(1125/NK/SRG)

जैसा उन्होंने सुझाव दिया, अल्टीमेटली भविष्य में इसके अलावा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्कीम का दूसरा कम्पोनेंट है। उसके माध्यम से हम देश भर में आने वाले वर्षों में 2022 तक डेढ़ लाख हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स क्रिएट कर रहे हैं, जिसमें ग्रासरुट लेवल पर पॉजिटीव हेल्थ और प्रिवेन्टिव हैल्थ सर्विसेज को इन्कलूड किया गया है, हम 27-28 हजार ऑलरेडी बना चुके हैं। इस 31 मार्च तक यह चालीस हजार की संख्या तक पहुंचने वाला है, 31 दिसम्बर, 2022 तक डेढ़ लाख तक पहुंचने वाले हैं। इससे लोगों को पॉजिटिव हैल्थ, प्रिवेन्टिव हैल्थ और क्यूरेटिव हैल्थ की सुविधाएं देने के लिए हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को डेवलप व स्ट्रैन्थेन कर रहे हैं।

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने जो विवरण सदन पटल पर रखा है, उससे मैं सहमत हूं लेकिन पूरी तरह से सहमत नहीं हूं। मैं मानता हूं कि आजादी के बाद देश में गरीब परिवार के लोगों का इलाज और दवा के अभाव में मौत हो जाती थी। आदरणीय प्रधान मंत्री  नरेन्द्र मोदी जी ने एक ऐसी योजना चालू की जिससे गरीब परिवार जो दवा के अभाव में मरते थे, वे अब नहीं मरेंगे, उनको जीवनदान देने का काम किया है।

मैं माननीय मंत्री महोदय से एक बात कहना चाहता हूं कि बिहार में बीपीएल सूची में जिन गरीबों को चिन्हित किया गया है, उनकी आबादी पांच करोड़ चौरासी लाख इक्यावन हजार के लगभग है।

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, आंकड़े बताने का काम अपना नहीं है, आप सीधा सवाल पूछिए।

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** अध्यक्ष महोदय, उसमें 43,48,901 लोगों को ही आयुष्मान हैल्थ कार्ड निर्गत किये गये है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो बीपीएल परिवार के गरीब लोग छूट गए हैं, क्या सरकार उन बीपीएल परिवारों को आयुष्मान हैल्थ कार्ड निर्गत करने का विचार औरकब तक करती है?

**डॉ. हर्ष वर्धन:** अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले मैंबर साहब को जानकारी देना चाहता हूं कि जो 10.74 करोड़, यानी लगभग 55 करोड़ से ज्यादा इंसान इस स्कीम के एंटाइटलमेंट हैं। जो कार्ड दिया जा रहा है, इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवेर किया जा रहा है। केवल इस कार्ड के कारण ही इलाज नहीं हो रहा है, जिनके पास कोई कार्ड नहीं है, अगर वे बाइस हजार अस्पतालों में से किसी भी जगह पर जाते हैं और वहां जाकर अपना नाम, एड्रेस या अपनी उम्र बताते हैं तो हर अस्पताल के

अंदर पीएमजेएवाई के लिए एक आरोग्य मित्र है। फोन नम्बर- 14555 पर कोई भी टेलीफोन करके अपना इंटाइटलमेंट पूछ सकता है कि वह इस स्कीम का पात्र है या नहीं।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी, वह पूछ रहे हैं कि इसके अलावा भी कार्ड देंगे?

**डॉ. हर्ष वर्धन:** अध्यक्ष महोदय, हमें 55 करोड़ लोगों को इंडिव्जुअल कार्ड देना है। हम आप सभी की सहायता चाहते हैं। कॉमन सर्विस सेंटर और स्टेट्स ने भी बहुत सारी स्कीम्स लागू की हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी तक 12.04 करोड़ लोगों ने अपने हाथ में लिया। इसके अलावा 43 करोड़ लोग हैं, जो बिना कार्ड किसी भी अस्पताल में जा सकते हैं। जेब में पैसा नहीं भी है तो भी बाइस हजार इम्पैनल्ड अस्पताल में जाएंगे तो उनका इलाज शुरू हो जाएगा।

(इति)

(1130/RU/SK)

**(Q. 84)**

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Sir, we are very much disappointed about the answer given by the hon. Minister because it is a long pending demand of Kerala to have the National Institute. Sir, you know that Kerala already has a well-established tradition and ancient practice of this branch of medicine. Perhaps, we are the first not only in India but also in the world as a whole in Ayurvedic medicine.

Ayurveda Medical System is a huge generator of medical tourism to Kerala and wherever it is practiced, it is earning goodwill as well as dollars for the country. Will the Government include major Ayurveda Centres in the Incredible India Programme and its tourist promotion activities?

**श्री अश्विनी कुमार चौबे:** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो बात कही है, यह बहुत ही पुराने सदस्य हैं। इनका अनुभव बहुत अच्छा है।

**माननीय अध्यक्ष:** ज्यादा अनुभव नहीं है, नए हैं।

**श्री अश्विनी कुमार चौबे:** महोदय, इनका राजनीति में बड़ा अनुभव है। हमारे देश में दक्षिण में बसा हुआ केरल राज्य सदियों से आयुर्वेद पद्धति का बहुत ही सुविख्यात स्थान है, इसमें कहीं दो मत नहीं है।

इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने केरल राज्य में आयुष मंत्रालय के माध्यम से केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा सीसीआरएएस नामक स्वायत्त संस्था द्वारा दो महत्वपूर्ण रिसर्च इंस्टीट्यूट का संचालन सुनिश्चित किया है। इनमें से एक है नेशनल रिसर्च इंस्टी्टयूट ऑफ पंचकर्म, चेरुतुरुथी तथा दूसरा है आयुर्वेद रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड हैल्थ केयर, त्रिवेन्द्रम। सैंटर फॉर एक्सीलेंस योजना 2007 में सरकार ने चलाई थी, सरकार ने 2017 में पंचकर्म इंस्टीट्यूट को अपग्रेड किया है। इसका प्रत्यक्ष संचालन भी केंद्र सरकार स्वयं कर रही है। केरल राज्य को कितना महत्व दिया गया है, इस बात से इंगित होता है कि सरकार ने पूरे देश में 36 ऐसे संस्थानों को सैंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड किया है, जिसमें से छ: केवल केरल राज्य को दिए गए हैं।

मेरा मत है कि आयुष मंत्रालय द्वारा इस योजना के तहत छ: संस्थानों को 25 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भी पिछले दिनों दी है। सरकार आयुष मंत्रालय की इस योजना के तहत पहले से चल रहे संस्थानों को, चाहे वह सरकारी हो या गैर-सरकारी हो, एनजीओ या ट्रस्ट द्वारा संचालित हो, तय मानदंड के आधार पर दस करोड़ रुपये तक वित्तीय सहायता देकर सैंटर ऑफ एक्सीलेंस में परिणत करती रही है।

अभी माननीय सदस्य ने जो प्रश्न रखा है, उसमें सरकार ने यह काम किया है और केरल को बहुत महत्व दिया है।

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Sir, you have given some grant but majority of the Institutes are under the private sector and not in the Government sector. Panchakarma Hospital in Cheruthuruthi is not serving the purpose of Ayurvedic National Institute.

My second supplementary is, Ayurveda is being adopted by many countries as an accepted way of medical treatment and what are the steps taken by the Government to promote the system in more countries?

**श्री अश्विनी कुमार चौबे:** महोदय, मैंने स्पष्ट बताया है कि केरल में दो सरकारी संस्थान हैं। …(व्यवधान)

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Ayurveda system of medicine is being practiced in many countries. Has the Government got any plan to promote Ayurveda in other countries?

(1135/MK/NKL)

**श्री अश्विनी कुमार चौबे:** अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए कह रहा हूं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से कई सेमिनार और कई प्रकार के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं तथा अभी कई देशों के साथ एग्रीमेंट भी होना है। उस स्तर पर भारत सरकार आयुष मंत्रालय के माध्यम से काम कर रही है और निकट भविष्य में कुछ इस प्रकार एग्रीमेंट भी होने वाले हैं।

(इति)

**(Q.85)**

SHRI TALARI RANGAIAH (ANANTAPUR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity.

Sir, forest fires occur every year in almost every State. Some of the regions are more vulnerable than others. I would like to know from the hon. Minister that what steps are taken by the Government to prevent such forest fires.

**श्री बाबुल सुप्रियो:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत महत्वपूर्ण सवाल किया है। मैं आपको पहले ही बताना चाहता हूं, आपको जानकर खुशी होगी कि पूरी दुनिया में केवल सात या आठ ऐसे देश हैं, जहां पर फॉरेस्ट कवर इन्क्रीज हुआ है। भारत उनमें से एक है। यहां पिछले कई सालों से 2 परसेंट से ऊपर फॉरेस्ट कवर इन्क्रीज हुआ है। इसके लिए मैं आपको बताना चाहता हूं कि मिनिस्ट्री ऑफ एनवॉयरमेंट एंड फॉरेस्ट के बहुत सारे प्रकल्प हैं, जिसमें प्लांटेशन को एनकरेज किया जाता है, जिसमें नगर वन उद्यान योजना, स्कूल नर्सरी योजना ये सब हैं। लेकिन, आप जो स्पेसिफिक सवाल कर रहे हैं कि डिग्रेडेड फॉरेस्ट के लिए हम क्या कर रहे हैं तो मैं आपको बता दूं कि डिग्रेडेड फॉरेस्ट के लिए स्पेसिफिक एक प्रोग्राम है, जिसका नाम 'नैप (NAP)' है। But the Government is not napping on that. It is called National Afforestation Programme. ट्री प्लांटेशन डिग्रेडेड फॉरेस्ट में लोगों के पार्टिसिपेशन और नेशनल मिशन फॉर ए ग्रीन इंडिया (जीआईएम) दोनों चीजें चल रही हैं। इसमें 2 मिलियन हेक्टेयर जगह में स्टेट्स और यूनियन टेरिटरीज में 3 हजार 874 करोड़ रुपये केवल नैप के लिए, आपने जो डिग्रेडेड फॉरेस्ट के बारे में कहा है, उसके लिए खर्च किया जा रहा है। हम यह उम्मीद करते हैं कि स्टेट और यूनियन टेरिटरीज के सहयोग से हम बहुत जल्द फॉरेस्ट कवर को और बढ़ा पाएंगे और जो जगह डिग्रेड हुई है, टॉप सॉयल खराब हुई है, वहां अफॉरस्टेशन से हमें बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा।

SHRI TALARI RANGAIAH (ANANTAPUR): Sir, actually, your answer is irrelevant. I am asking that what are you going to do to prevent forest fires.

**श्री बाबुल सुप्रियो:** मैं फॉरेस्ट फायर के बारे में बताना चाहता हूं। फॉरेस्ट फायर्स के लिए एक अलग स्कीम है, जिसमें फॉरेस्ट फायर्स को काउंटर किया जाता है। जब फॉरेस्ट फायर्स बनते हैं तो डिफॉरेस्टेशन होता है, प्लांटेशन्स जल जाते हैं, इस पर भी यही फंड खर्च होता है। इसके अलावा, जहां पर फॉरेस्ट फायर्स होता है, वहां पर अलग से फाइनेंशिएल सपोर्ट दिया जाता है। पांच एलर्ट सिस्टम हैं, जिसको एफएसआई के माध्यम से डेवलप किया गया है। एलर्ट सिस्टम के आधार पर जहां-जहां फॉरेस्ट फायर्स हो रहा है, उसको हम रोकने की कोशिश करते हैं।

(इति)

**(प्रश्न 86)**

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अध्यक्ष महोदय, मैंने एक महत्वपूर्ण प्रश्न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में पूछा है। मेरा सवाल माननीय मंत्री जी से था कि नीति आयोग के द्वारा वर्ष 2018-19 में उन्होंने जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में पेपर तैयार किया था, डिस्कस किया था- National Programme on Artificial Intelligence, with a view to guiding the research and development in new and emerging technologies. हमने यही सवाल पूछा था। नीति आयोग ने वर्ष 2018 में डिसकस किया। आज जो माननीय मंत्री जी का उत्तर आया है, उसमें "NITI Aayog's National Strategy on Artificial Intelligence (NSAI) discusses the following." जो वर्ष 2018 के डिसकशन में थे, उन सारी चीजों को दिया है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रश्न है कि आज जब एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात पूरी दुनिया में चल रही है और आज भी भारत में या दुनिया में ह्यूमन बिंग को अगर सबसे सर्वोच्च बनाने का काम करती है तो वह इंटेलिजेंस ही करती है। दूसरे ह्यूमन बिंग के बजाय मनुष्य के पास इंटेलिजेंस है, इसलिए वह सर्वोच्च है। जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया में हो रही है तो क्या आप भविष्य में आने वाले दिनों में इस पर कोई पॉलिसी बनाएंगे?

(1140/YSH/KSP)

नीति आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर डिसकसन किया है। आप कह रहे हैं कि इसके लिए इलेक्ट्रानिक एण्ड इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी कमेटी है। About development of template and the required legal and regulatory framework in the domain of Artificial Intelligence. मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए कोई नीति बनाएगी?

**डॉ. हर्ष वर्धन :** सर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक अमर्जिंग एरिया है। हमारी सरकार डिस्रप्टिव टेक्नोलॉजी है और कटिंग एज टेक्नोलॉजी पर काम कर रही है और हमारे प्रधान मंत्री जी इसके लिए बहुत पैशनेट हैं। आजकल काफी चीजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग भी होता है। आज हम मेडिकल फील्ड्स में इसका बहुत जगह इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां तक कि आयुष्मान भारत में फ्रॉड डिटेक्शन को भी, जो अस्पतालों में कहीं भी किसी भी लेवल पर हो रहा है, उसको डिटेक्ट करने के लिए जो भी साइंस हो सकती है, उसमें भी आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं। जहां तक सरकार का सवाल है तो इसके संदर्भ में नीति आयोग ने बहुत विस्तृत चर्चा की है। नेशनल स्ट्रेटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने भी डिटेल में डॉक्यूमेंट्स पब्लिश कर दिए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को देश में कैसे इंप्लीमेंट करना है, इसके लिए आप जिस कमेटी की चर्चा कर रहे हैं, वह कमेटी आगे चर्चा करे कि इसके बारे में हमारा रेग्युलेटरी फ्रेमवर्क क्या होना चाहिए? इसके साथ ही साथ जो मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी है, वह भी डाटा प्रोटेक्शन प्राइवेसी के बारे में लॉ बनाने के लिए विस्तार से चर्चा कर रही है। एक-डेढ़ साल पहले सरकार ने कैबिनेट में एक नेशनल मिशन ऑन साइबर फिजिकल सिस्टम पॉलिसी बनाई थी, जिसमें लगभग 3,660 करोड़ रुपये के करीब खर्च होना था। हमारी कैबिनेट ने ऐसी पॉलिसी अप्रूव की थी।

साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी मंत्रालय देश में 20 इनोवेशन हब स्थापित कर रहा है, जिसमें से एक हब एक्सक्लूसिवली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर फोकस करेगा। मेरा माननीय सदस्य को यह कहना है कि कमिटमेंट के मामले में, वीजन के मामले में, तैयारी के मामले में या जो हम करना चाहते हैं या हम जिस दिशा में काम कर रहे हैं, उसमें हम दुनिया से कम नहीं है। विज्ञान का जनता के हित में और सभी क्षेत्रों में किस तरह से ज्यादा से ज्यादा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से प्रयोग कर सकते हैं, वह हम कर रहे हैं।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में कहा है कि भारत सरकार इस पर बहुत फोकस कर रही है। प्रधान मंत्री जी को भी बहुत चिंता है। In the light of NITI Ayog's Discussion Paper on National Strategy on Artificial Intelligence which was released in 2018, what measure the Government is taking to implement the same? The same document also states that the global investment in the field of artificial intelligence are forecasted to reach US $57.6 billion by 2021 and we are in 2020. The Union Budget for 2020-21 allocated Rs. 8,000 crore for the period of next five years for the National Mission on Quantum Technology and Applications. Therefore, can the Government state the details in this regard?

**डॉ. हर्ष वर्धन :** आप जो सवाल पूछ रहे हैं, उसका आपने ही जवाब दे दिया है। आपने कहा है कि क्वांटम टेक्नोलॉजी के लिए बजट में आठ हजार करोड़ रुपये का अनाउंसमेंट हुआ है। मैंने आपको साइबर फिजिकल सिस्टम के बारे में भी बताया है। यह स्ट्रैटेजी पेपर बहुत ज्यादा अध्ययन करके, स्टेकहॉल्डर्स से बातचीत करके बनाया गया है। इसमें सभी तरह के लोग शामिल है। अभी स्ट्रेटजी पेपर्स की जो फाइंडिग्स है या नेशनल स्ट्रेटेजी बनी है, यह आने वाले समय में कैबिनेट के पास जाएगी। कैबिनेट इसके बारे में और ज्यादा तेजी से निर्णय लेगा। इसके लिए गवर्नमेंट का सपोर्ट और कमिटमेंट तो पहले से ही है। मैंने साइबर फिजिकल सिस्टम्स के बारे में बताया है। अभी आपने स्वयं उल्लेख किया है कि इस बार के बजट में क्वांटम मैकेनिक्स और अन्य चीजों के लिए आठ हजार करोड़ रुपये का अनाउंसमेंट हुआ है।

(1145/RPS/KKD)

जो स्टेट ऑफ द आर्ट, लेटेस्ट डिसरप्टिव टेक्नोलॉजीज हैं, उनके बारे में आलरेडी सरकार और हमारी साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री काम कर रही है। अभी हम पब्लिकेशन्स के मामले में दुनिया में तीसरे नम्बर पर पहुंच गए हैं और लगभग हर पैरामीटर पर हम पहले दस नेशन्स में हैं। प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि आने वाले वर्षों में टॉप टू-थ्री साइंटिफिक नेशन्स ऑफ द वर्ल्ड में हमारा नाम दर्ज हो, इसलिए सरकार इस मामले में पर्याप्त चिन्तित है और पर्याप्त काम भी कर रही है।

SHRI MANISH TEWARI: Hon. Speaker, Sir, the Fourth Industrial Age comprising of digitisation, robotics, and artificial intelligence, is going to completely transform the workplace. According to a World Bank estimate, 67 per cent of all manufacturing jobs in India will be lost to robotization.

My specific question to the Minister of Science and Technology is that given this paradigm, has his Ministry conducted any study as to what would be the impact of this Fourth Industrial Age, digitalisation, robotics, and artificial intelligence on the workplace? How many jobs is India going to lose as a consequence of this; and how many jobs are going to be created as a consequence of this Fourth Industrial Age?

DR. HARSH VARDHAN: I think, we can say that we are in touch with everything that is happening on this front all over the world; and we are doing whatever best needs to be done to ensure that we improve the lives of the people of this country and is being benefited as the others are also being benefited. So, we are doing all that is possible.

As regards losing of jobs and all, this is an area, which is already under a study and scrutiny, which is not only being done by India but also by the whole world.

As regards all these robotics, artificial intelligence, machine learning etc., we are in sync with the rest of the world; and I can promise on the floor of this House that through science and technology, we will do our best and we will also ensure that it does not have any adverse impact on the job situation in the country.

SHRI MANISH TEWARI: Mr. Speaker, Sir, my question was very specific. Have they conducted any study on this? …(*Interruptions*)

(ends.)

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 87 और 89 क्लब कर दिए हैं।

श्री अजय निषाद।

**(प्रश्न 87 एवं 89)**

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर):** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने मेरे प्रश्न का बहुत व्यापक जवाब दिया है, फिर भी मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ दि एल्डरली (एनपीएचसीई) में पिछले पांच वर्षों में कितनी धनराशि आवंटित की गई और कितनी धनराशि खर्च की गई?

DR. HARSH VARDHAN: Sir, I may inform the hon. Members that under this scheme, in fact, we have created two National Centres for Ageing. These are at Madras Medical College, and AIIMS. For each of these two centres, we have provided Rs. 270 crore each. We have also created 19 Regional Geriatric Centres. In these Regional Geriatric Centres, we have a 30-bedded indoor patient department, physiotherapy, labs and specialised manpower. We give Rs. 4 crore to each of these centres.

Sir, at 713 District Hospitals in the country, we have provided total support for the creation of 10-bedded Geriatric Wards, physiotherapy, labs etc., through the National Health Mission. This facility is also available at 3,430 Community Health Centres where we have 2-days specific OPD for the senior geriatric patients along with physiotherapy, labs etc. Sir, in 552 Districts, we have already started the OPD; and our National Health Mission has a provision whereby we help the States to hire two doctors exclusively for the care of the elderly.

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर):** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करें कि अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई द्वारा जमा की गई एलएएसआई रिपोर्ट के क्या परिणाम हैं?

(1150/IND/RP)

**डॉ. हर्ष वर्धन :** अध्यक्ष जी, यह स्टडी वर्ष 2015 में प्रारम्भ की गई थी। इसका करीब 61 हजार सैम्पल साइज था और 61 हजार एल्डरली लोगों के साथ अध्ययन किया गया था। इसके दो फेजेज वेव-1 और वेव-2 हैं। फेज वेव-1 कम्प्लीट हुआ है, जिसमें 61 हजार लोगों से बातचीत करके कल शाम को ही रिपोर्ट डिपार्टमेंट में सब्मिट की गई है। इन्हीं 61 हजार लोगों के बीच में यह स्टडी दोबारा की जाएगी, जिसे वेव-2 कहेंगे। इसमें हैल्थ स्टेटस, हैल्थ केयर फैसिलिटीज, सोशल स्टेटस, उनकी इकोनॉमिक कंडिशन के बारे में डिटेल में चीजें बताई गई हैं। जैसे ही यह स्टडी कम्प्लीट होगी, तब इसके बारे में रिपोर्ट पेश की जाएगी।

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): Question No. 89.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (DR. HARSH VARDHAN): Sir, please excuse me that before I begin answering this

(Page 19-30)

Question of dear Shri Rahul Gandhi ji, I want to condemn in no uncertain words, the outlandish language that he has used against the Prime Minister of the country. …(*Interruptions*) In a recent speech, he used words like: 'छः महीने बाद इस देश के युवा नरेन्द्र मोदी को डंडे मार-मार कर देश से बाहर कर देंगे।' I am surprised that Mr. Gandhi's own father was the Prime Minister of India and I do not think that in the worst of cases our party leaders made such outlandish personal remarks against him.…(*Interruptions*) Never threatening that the country's youth will beat him with *dandas* and throw him out of the country.…(*Interruptions*) The entire House present here, must in unequivocal terms condemn his language against the hon. Prime Minister. …(*Interruptions*)

1152 hours

(*At this stage, Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood near the Table.*)

**माननीय अध्यक्ष :** सभा एक बजे तक के लिए स्थगित होती है।

1153 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा एक बजे तक
के लिए स्थगित हुई।

(1300/ASA/RCP)

1300 बजे

लोक सभा तेरह बजे पुनः समवेत् हुई।

1300 बजे (डॉ. किरीट पी. सोलंकी पीठासीन हुए)

...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** सब लोग बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** सभा की कार्यवाही दो बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित की जाती है।

1301 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1400/SMN/RAJ)

1401 hours

*The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.*

1401 hours (Shri A. Raja *in the Chair*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Sir, the behaviour of the Congress MP is highly uncalled for. They tried to come and snatch the paper. If at all, anything is wrongly stated, then it is the domain of the Speaker to decide. Instead of that, trying to come and attack the Minister is highly condemnable. …(*Interruptions*)

1402 hours

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): The House stands adjourned to meet again on Monday, the 10th February, 2020 at 11.a.m.

…(*Interruptions*)

1402 hours

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Monday, February 10, 2020 / Magha 21, 1941 (Saka)*